**नववर्ष** | अमरकंटक में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का किया पूजन, युवा लौट रहे संस्कृति और धर्म की ओर

# नववर्ष पर केक काटने की जगह मंदिरों में उमड़ी भीड़





**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** नए वर्ष 2026 की शुरुआत प्रदेश के अनूपपुर जिले में कड़ाके की ठंड के साथ हुई। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में शीतलहर के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी के पवित्र घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई और विशेष पूजा-अर्चना की।

धार्मिक नगरी अमरकंटक में नए वर्ष के स्वागत के लिए उत्तर-दक्षिण तट, इंद्रदमन तालाब सहित विभिन्न घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रहीं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह परस्ते ने बताया कि इस वर्ष भी लगभग 60 हजार श्रद्धालुओं सहित 12 विदेशी पर्यटक मां नर्मदा के दर्शन करने पहुंचे। पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव इस बार युवाओं में कम देखा गया। न शहर में आतिशबाजी का शोर, न बाजारों में रौनक—लोगों ने नव वर्ष का स्वागत शांत माहौल में घरों और मंदिरों में किया। केक व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों में बिक्री कम होने से निराशा छाई रही।

### सनराइज प्वाइंट पर हजारों ने निहारा अद्भुत दृश्य

तीर्थयात्री सोनमुड़ा, माई की बगिया, धरम पानी व सनराइज प्वाइंट पर तड़के 4 बजे से ही सूर्योदय की प्रतीक्षा में अलाव तापते नजर आए। जैसे ही पूर्व दिशा में लालिमा दिखाई दी, भक्तों में उत्साह बढ़ गया। उगते सूर्य की तस्वीरें लेने की होड़ मच गई और लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने पवित्र नर्मदा नदी के कोटि तीर्थ, गांधी कुंड, रामघाट, पुष्कर बांध और आरंडी संगम में पवित्र स्नान कर नर्मदा उद्गम मंदिर के दर्शन किए। दर्शनार्थियों की भीड़ पूरे दिन बनी रही।

### पूरे जिले में धार्मिक उत्साह

अनूपपुर, जैतहरी, बिजुरी, कोतमा सहित आसपास के सभी शहरों में लोगों ने सुबह स्नान कर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की। साईं मंदिर, बूढ़ी मढ़िया खेरमाई माता मंदिर, शिव-हनुमान मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बनी रही। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर आदि क्षेत्रों के साथ शहडोल व डिंडोरी जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे। प्रकृति और आध्यात्म का संगम देखने अधिक पर्यटक उमड़ रहे। अब आगामी मकर संक्रांत, नर्मदा जयंती और महाशिवरात्रि के मेले में भी भारी भीड़ की संभावना है।

### वैदिक मंत्रोच्चार से किया नववर्ष का स्वागत



अनूपपुर जिले की पवित्र तीर्थस्थली अमरकंटक स्थित विश्वविख्यात श्री कल्याण सेवा आश्रम में नववर्ष 2026 की शुभ शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक माहौल के बीच अत्यंत हर्षोल्लास के साथ की गई। प्रात:काल विशेष पूजा-अर्चना के साथ माता नर्मदा की विधिवत आराधना की गई तथा आश्रम के परम पूज्य गुरु तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज की पूजा कर भक्तों ने नववर्ष का स्वागत किया। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संतों, श्रद्धालुओं और भक्तजनों ने भाग लिया। पूरे आश्रम परिसर में 'हर-हर नर्मदे' एवं वैदिक मंत्रों का गुंजायमान स्वर भक्तिभाव का वातावरण निर्मित कर रहा था।




# तालाब में नहाने गए वृद्ध की डूबने से मौत, शव बरामद

**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर टोला में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां तालाब में नहाने गए 55 वर्षीय वृद्ध की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भोला सिंह पिता सम्हारू सिंह निवासी छीरापटपर के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर भोला सिंह घर से कुछ दूर स्थित अमृत सरोवर तालाब में नहाने गया था, इसी दौरान उनका पैर फिसलने या गहराई में चले जाने के कारण वह डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों व ग्रामीणों ने देर रात तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह सूचना मिलते ही कोतवाली अनूपपुर पुलिस तथा एसडीईआरएफ टीम के रामनरेश भवेदी अपने सात सदस्यीय दल के साथ मौके पर पहुंचे। संयुक्त रूप से की गई तलाश के बाद तालाब के अंदर से भोला सिंह का शव बरामद किया गया।

# घर-घर जाकर पशुपालकों से किया संपर्क



▸ **दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न**

**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह अभियान पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. बी. बी. चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के 539 ग्रामों में पहुंचकर कुल 4592 पशुपालकों से घर-घर जाकर प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया। विभागीय टीमों द्वारा पशुपालकों को पशु पोषण, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण तथा रोग रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

### उन्नत तकनीक अपनाने की दी सलाह

अभियान के तहत संतुलित आहार प्रबंधन, हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने और उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया गया। साथ ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु आधुनिक वैज्ञानिक उपायों की जानकारी देकर ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने पर जोर दिया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।



## कराते चैंपियनशिप में आन्या ने जीता गोल्ड

**नवभारत, जबलपुर।** 44 वीं स्टेट कराते चैंपियनशिप डॉल्फिन स्पोर्ट्स एकेडमी नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मध्यप्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर की आन्या गोटियां पुत्री भरत कुमार गोटियां, मंजू गोटियां ने कुमीते (फाइट,) में -48किग्रा कैटगरी में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए।

# 3 महीने से लंबित वेतन भुगतान की मांग

**आउटसोर्स कर्मचारियों की पांच सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होने पर किया काम का बहिष्कार**



**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर के एसएनसीयू, पीआइसीयू, एनआरसी और पीडीए वार्ड में कार्यरत आउटसोर्स व सफाई कर्मचारियों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर काम का बहिष्कार करते हुए अस्पताल परिसर में ही धरना शुरू कर दिया है। बुधवार से जारी इस अनिश्चितकालीन हड़ताल में कुल 26 कर्मचारी, जिनमें 15 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उनके वेतन का भुगतान पिछले तीन महीनों से लंबित है। साथ ही मई 2024 से अप्रैल 2025 तक के एरियर का भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है। शासन के आदेश के बावजूद उन्हें बोनस नहीं मिला है, वहीं हर माह समय पर वेतन और मासिक पीएफ का नियमित भुगतान भी प्रमुख मांगों में शामिल हैं।

### बातचीत से नहीं निकला कोई समाधान

हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि 24 दिसंबर को उन्होंने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आरएस परस्ते को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया था। सिविल सर्जन की ओर से 29 दिसंबर तक मांगें पूरी कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 30 दिसंबर को बातचीत के दौरान कोई समाधान नहीं निकलने पर कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

## एक नजर में



### वंदे मातरम् व राष्ट्रगान का किया सामूहिक गायन

**अनूपपुर, नवभारत।** नववर्ष के पहले कार्य दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् तथा राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया। इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे सहित कलेक्ट्रेट भवन में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय भावनाओं और देशभक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन के दौरान सभी उपस्थित जनों ने अनुशासन एवं सम्मान के साथ गायन कर नए वर्ष की शुरुआत राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव के साथ की।



### अपर कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के समय सीलबंद वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त पाई गई। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन सामग्रियों की सुरक्षा हेतु निरंतर पुख्ता एवं सतर्क व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय निगम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### जनपद अनूपपुर के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जनपद पंचायत अनूपपुर में सहायक वर्ग-2 के श्री कमलेश त्रिपाठी एवं सहायक वर्ग-3 की स्नेह लता त्रिपाठी 31 दिसंबर 2024 को शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित जनपद अनूपपुर के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी इमरान सिद्दीकी, बीपीओ रामलोचन दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, लेखपाल बाल गंगाधर सिंह सेंगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने दोनों कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों और योगदान की प्रशंसा की।

# रक्सा-कोलमी में चलित एम्बुलेंस सेवा शुरू

**न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर पहल**




**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास को गति देते हुए न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर) ने नए वर्ष के अवसर पर अनूपपुर जिले के परियोजना प्रभावित क्षेत्र रक्सा-कोलमी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में चलित अस्पताल (एम्बुलेंस) सेवा की शुरुआत की है। यह सेवा कंपनी की सीएसआर नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ, त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एम्बुलेंस सेवा का लाभ रक्सा, कोलमी, छुलकारी, दैखल, धुरवासिन, तितरीपौड़ी सहित आसपास के गांवों के निवासियों को मिलेगा। सेवा के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा, आपात स्वास्थ्य सहायता और जरूरत पड़ने पर मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### अब समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी

सेवा के शुभारंभ से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। रक्सा के शंकर, लाल सिंह, पाल सिंह एवं आकाश श्रीवास्तव सहित ग्रामीणों ने कहा कि आपात स्थिति में अब समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी। कोलमी के सुरेश अगरिया, नरेंद्र राठौर, रामस्वरूप और अशोक मिश्रा ने इस पहल को ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय एवं महाप्रबंधक सुशील कांत मिश्रा ने कहा कि औद्योगिक विकास तभी सार्थक है जब उसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई जाए।



# आजीविका दीदियों को बनाए आत्मनिर्भर : अर्चना कुमारी

▸ **आजीविका मिशन के कार्यों की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा**

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने आजीविका मिशन के विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीम भावना और प्रोएक्टिव अप्रोच के साथ कार्य करते हुए स्व-सहायता समूहों की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने ब्लॉक समन्वयकों को नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए स्व सहायता समूहों को और अधिक सशक्त करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि प्रशिक्षण पूरी तरह व्यवहारिक तथा प्रभावकारी हो, ताकि प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वित्तीय मदों में व्यय की स्थिति जानी

इस दौरान आजीविका मिशन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं जैसे वित्तीय मदों में व्यय की स्थिति, स्व सहायता समूह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण, सीएलएफ, वीपीआरपी, लखपति दीदी से संबंधित एंट्री, लोकोस प्रोफाइल अपडेट, डिजिटल आजीविका रजिस्टर, एसएचजी बैंक एकाउंट, रिवॉल्विंग फंड, बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, सीआरपी की ई-केवाईसी एवं एक बगिया मां के नाम योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

# रामनगर में अवैध गतिविधियों पर रोक की मांग



**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** रामनगर थाना क्षेत्र में रात्रि के समय लगातार बढ़ रही अवैध रेत, कोयला एवं कबाड़ चोरी की घटनाओं को लेकर अब जनप्रतिनिधि भी आगे आए हैं। नगर परिषद रामनगर के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने मंगलवार को थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। अध्यक्ष यशवंत सिंह ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में संगठित रूप से कुछ माफिया बाहरी राज्यों से फर्जी टी.पी. तैयार कर अवैध खनन और चोरी का काम कर रहे हैं। इससे शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है, साथ ही नगर में असुरक्षा और भय का वातावरण निर्मित हो गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली इन घटनाओं पर पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करे।

### थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि 7 दिवस के भीतर प्रभावी और ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर परिषद एवं नगरवासी जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नगर के नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि अवैध रेत, कोयला और कबाड़ चोरी में लिप्त माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

## अधिकारियों सहित रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत दो अधिकारी एवं चार कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 106 रेलकर्मी बुधवार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 दिसम्बर को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य सामग्री मनोज, विकास त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे।

**आत्ममंथन करें** | विनोद विन्ध्येश्वरी पाण्डेय ने कहा- प्रकृति रिक्तता को स्वीकार नहीं करती, आज हिन्दू समाज इस रिक्तता का सबसे बड़ा शिकार है

# संस्कारों और जीवन-दृष्टि से बनती है समाज की पहचान



**अनूपपुर, नवभारत 1 जनवरी।** वरिष्ठ चिंतक एवं लेखक विनोद विन्ध्येश्वरी प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि हर समाज अपनी पहचान उसके संस्कारों, उत्सवों और जीवन-दृष्टि से बनाता है। यदि कोई समाज अपने मूल उत्सवों से दूर होने लगता है, तो उसकी सांस्कृतिक चेतना में शून्यता घर कर लेती है और वही रिक्तता बाहरी परंपराओं के लिए स्थान तैयार कर देती है।

हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम ईसाई समुदाय के विरोध में नहीं हैं, लेकिन यह आत्ममंथन का समय है कि हम अपनी पहचान से दूर क्यों होते जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि समस्या यह नहीं है कि समाज क्या मना रहा है, बल्कि समस्या यह है कि वह क्या छोड़ चुका है। प्रकृति रिक्तता को स्वीकार नहीं करती और आज हिन्दू समाज इस रिक्तता का सबसे बड़ा शिकार है।

### वास्तविक उत्तरायणारम्भ 22 दिसंबर को होता है

पाण्डेय ने उत्तरायणारम्भ का उदाहरण देते हुए कहा कि सूर्य के उत्तरायण का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व होने के बावजूद समाज में इसे मनाने की प्रेरणा कम हो गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वास्तविक उत्तरायणारम्भ 22 दिसंबर को होता है, लेकिन भ्रमवश इसे केवल मकर-संक्रांति से जोड़ा जाने लगा है।

### मदन महोत्सव की जगह ले ली वैलेंटाइन डे ने

इसी तरह उन्होंने मदन महोत्सव की परंपरा का उल्लेख किया, जो कभी चैत्र नवरात्र में विवाह संस्कार की सामाजिक प्रक्रिया के रूप में मनाया जाता था। युवक-युवतियाँ संस्कारित वातावरण में एक-दूसरे को जानने का अवसर पाते थे, लेकिन इस उत्सव के लुप्त होने से उसकी जगह वैलेंटाइन डे ने ले ली। उन्होंने कहा कि जब हम अपने उत्सवों को छोड़ देंगे, तो कोई और उन्हें अवश्य भर देगा। बाद में उसे अनुचित कहने से कुछ नहीं बदलेगा, क्योंकि गलती हमारी उपेक्षा थी।

### समाधान विरोध में नहीं, पुर्नजागरण में है

सनातन परंपरा में वर्षभर उत्सवों की श्रृंखला इसलिए बनाई गई थी कि उनके माध्यम से जीवन में अनुशासन, ऋतु-बोध, सामाजिक एकता और नैतिक संतुलन बना रहे। अंत में उन्होंने समाज से अपील की कि समाधान विरोध में नहीं, पुनर्जागरण में है। अपने पर्वों को केवल रस्म न मानें बल्कि उनके मूल भाव और उद्देश्य को जानें। उन्होंने कहा कि रिक्तता मत छोड़िए, संस्कार भरिए। यही सनातन की सच्ची रक्षा है।

## ठंड में मिले 10 घंटे बिजली, कम आपूर्ति वाले फीडरों पर हो कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** जिले की सभी तहसीलों व ब्लॉकों के वरिष्ठ किसान प्रतिनिधियों ने म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नवागत अधीक्षण यंत्री (ग्रामीण) खुशियाल सिंह शिववंशी से सौजन्य भेंट कर किसानों की विद्युत समस्याओं पर चर्चा की। भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने कड़ाके की ठंड में खेती हेतु दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही ओवरलोड/खराब ट्रांसफार्मर समयसीमा में बदलने, हॉर्स पावर बढ़ाकर जारी बिल वापस लेने, 10 घंटे से कम आपूर्ति वाले फीडरों के प्रभारियों व जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई, फर्जी चोरी प्रकरण वापस लेने तथा नए ट्रांसफार्मरों के लिए योजना बनाकर शासन को भेजने की मांग की गई।